आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 29.05.2024
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल उत्तराखंड के दौरे पर, पंतनगर विश्वविद्यालय में प्रोफेसरों के सम्मेलन को संबोधित करेंगे।
- चारधाम यात्रा पर अब तक 2 लाख से अधिक श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग की गई, हरिद्वार और ऋषिकेश में फंसे तीर्थयात्रियों को विशेष पास देकर चारधाम यात्रा पर भेजा रहा है।
- प्रदेश में लोकसभा चुनाव की आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना की तैयारियां पूरी।
- **और........** मौसम विभाग ने आज से 2 जून तक प्रदेश के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं बारिश का येलो अलर्ट जारी किया है।

**<u>उपराश्ट्रपति दौरा</u>**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ कल नैनीताल और ऊधमसिंह नगर जिलों के दौरे पर रहेंगे। उनका नैनीतला स्थित कैंचीधाम में बाबा नीब करौरी आश्रम में दर्शन करने का कार्यक्रम प्रस्तावित है। श्री धनखड़ उधमसिंह नगर के पंतनगर स्थित गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के शिक्षकों और कर्मचारियों के साथ संवाद कार्यक्रम में भी हिस्सा लेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के कडे इंतजाम किए

हैं। इस बीच, आज मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उप राष्ट्रपति के प्रस्तावित भ्रमण के दौरान सुरक्षा और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक की। मुख्य सचिव ने कुमाऊं मण्डल के आयुक्त, कुमाऊं परिक्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक, नैनीताल और ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों को उप राष्ट्रपति के दौरे को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

**स्वास्थ्य सचिव**

चारधाम यात्रा में आ रहे श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य विभाग लगातार स्क्रीनिंग कर रहा है। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने चारधाम यात्रा में आ रहे श्रद्धालुओं से स्वास्थ्य विभाग की गाइडलाइंस का अनुपालन करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विभाग ने अब तक 2 लाख 8 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग की है। चारधाम यात्रा मार्गों पर 12 स्क्रीनिंग सेंटर बनाए गये हैं। इसके अलावा यात्रा मार्गों पर 180 चिकित्सकों की तैनाती की गई है। उन्होंने बताया कि 50 वर्ष से अधिक उम्र के 87 हजार से ज्यादा श्रद्धालुओं की स्ींनिंग की गई है, जबकि 50 वर्ष से कम आयु के एक लाख 27 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

## तीर्थयात्री वि□ोश पास

हरिद्वार और ऋषिकेश में पंजीकरण ना होने के चलते पिछले कुछ दिनों से फंसे तीर्थयात्रियों को विशेष पास देकर चारधाम यात्रा पर भेजा रहा है। इनमे वे यात्री भी शामिल हैं, जो फर्जी पंजीकरण का शिकार हो गए थे। हरिद्वार के मेला नियंत्रण भवन से अब तक 10 हजार तीर्थयात्रियों को विशेष पास दिए गए हैं। इसके लिए विशेष शिविर लगाकर देश के कई राज्यों से आए यात्रियों को रवाना किया जा रहा है। जिला पर्यटन अधिकारी सुरेश यादव ने बताया कि अधिक संख्या में यात्रियों के आने के कारण काफी लोग पंजीकरण के लिए परेशान थे, लेकिन अब नई व्यवस्था होने से हरिद्वार में यात्रा के लिए प्रतीक्षा कर रहे सभी तीर्थयात्रियों का ऑफलाइन पंजीकरण किया जा रहा है। हरिद्वार में ऑफलाइन पंजीकरण की प्रतीक्षा कर रहे है तीर्थयात्री अंकित गौतम का कहना है कि सरकार की इस नई व्यवस्था से अब उन्हें कोई परेशानी नहीं होगी। इसके लिए उन्होंने राज्य सरकार और प्रशासनिक अधिकारियों का आभार जताया है।

## अपर मुख्य सचिव

प्रदेश में चारधाम यात्रा के सुगम और सुव्यस्थित संचालन के लिए उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष व वित्त विभाग के अपर मुख्य सचिव आनंद वर्धन ने आज बदरीनाथ धाम में यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने धाम में यातायात प्रबंधन, पार्किंग, पेयजल, चिकित्सा, आवास, संचार, विद्युत, परिवहन, पंजीकरण, मंदिर में टोकन दर्शन और सफाई व्यवस्था के संबंध में

अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। श्री वर्धन ने धाम में श्रद्धालुओं से भी बातचीत की और यात्रा व्यवस्थाओं के बारे में फीडबैक लिया। इस बीच अपर मुख्य सचिव ने धाम में मास्टर प्लान के तहत कराए जा रहे रिवर फ्रंट डेवलपमेंट, आस्था पथ, शेष नेत्र झील और अन्य निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। साथ ही उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को मास्टर प्लान के कार्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश दिए।

**रुद्रनाथ**

समुद्रतल से करीब 11 हजार 800 फीट की ऊंचाई पर चमोली जिले में स्थित चतुर्थ केदारनाथ भगवान रुद्रनाथ मंदिर का यात्रा मार्ग इन दिनों श्रद्धालुओं और हिमालयी फूलों से गुलजार है। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के अनुसार प्रतिदिन 300 तीर्थयात्री भगवान रुद्रनाथ के दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। रुद्रनाथ यात्रा मार्ग केदारनाथ वन प्रभाग के संरक्षित वन क्षेत्र में है। बुग्याल क्षेत्र की सुरक्षा के लिए विभाग ने पनार और रुद्रनाथ मंदिर के पास पंजीकरण की व्यवस्था की है। बाहरी क्षेत्रों से आने वाले श्रद्धालु दो सौ रुपये शुल्क देकर पंजीकरण करा सकते हैं। विभाग की ओर से स्कूली और कॉलेज के छात्रों को आईडी दिखाने पर शुल्क में छूट दी जाती है। विभाग की ओर से यात्रा मार्ग के पड़ावों पर शौचालय और कूड़ा निस्तारण की भी व्यवस्था की गई है।

## मुख्य निर्वाचन अधिकारी

आगामी 4 जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रदेश में सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरूषोत्तम ने बताया कि 4 जून को प्रदेशभर में सुबह 8 बजे से मतगणना शुरू होगी। सबसे पहले पोस्टल बैलेट की गिनती की जाएगी। सुबह साढ़े आठ बजे से ईवीएम की गिनती शुरू होगी। उन्होंने बताया कि मतगणना स्थल की त्री–स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। इसके अलावा राज्य के 70 विधानसभा क्षेत्रों की मतों की गणना के लिए 91 काउंटिंग हॉल बनाए गये हैं, जबकि 884 टेबल लगाई गई हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन आयोग की कोशिश है कि दोपहर एक से दो बजे तक परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

लोकसभा चुनाव के सातवें और अंतिम चरण के लिए प्रचार चरम पर है। प्रचार में सिर्फ दो दिन शेष बचे हैं। राजनीतिक दलों के शीर्ष नेता जनसभाएं और रोड शो कर रहे हैं। इस चरण में पहली जून को सात राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश की 57 सीटों पर वोट डाले जाएंगे।

## कीवी निरीक्षण

बागेश्वर जिले के किसान सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेकर स्वरोजगार से जुड़कर अपनी आर्थिकी मजबूत करने में लगे हैं। इसी क्रम

में आज जिले के मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी ने पालड़ी गांव के विभिन्न क्षेत्रों में विभागीय योजनाओं का निरीक्षण किया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने पालड़ी गांव के प्रगतिशील किसान सुरेंद्र सिंह से कीवी पौधरोपण के बारे में जानकारी ली। सुरेंद्र सिंह ने बताया कि पिछले साल उन्होंने 20 नाली खेत में 133 कीवी के पौधे रोपे थे और डेढ़ साल में ही कीवी के पौधे में फल आने लगे हैं। इससे उत्साहित होकर उन्होंने इस सीजन में फिर से 10 नाली का खेत तैयार किया है और उसमें 67 कीवी के पौधे रोपे हैं। मुख्य विकास अधिकारी ने प्रगतिशील किसान के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि बागेश्वर जिले में कीवी उत्पादन के प्रति किसान जागरूक हो रहे हैं। इससे किसानों को अच्छी आमदनी के साथ ही घर बैठे रोजगार भी मिल रहा है। उन्होंने अन्य किसानों से भी कीवी की बागवानी में रुचि दिखाते हुये काम करने को कहा है।

## सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर

भारतीय स्टेट बैंक ने वित्तीय वर्ष 2023–24 की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी– सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 7 दशमलव चार प्रतिशत रहने का अनुमान व्यक्त किया है। बैंक ने कहा कि वित्तीय वर्ष 2023–24 में सकल घरेलू उत्पाद वृद्धि दर 8 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग की रिपोर्ट भारत में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार विकास की प्रवृत्ति को उजागर करती है। शहरी आर्थिक वृद्धि का संकेत यात्री वाहन बिक्री, हवाई यात्री यातायात, वस्तु और सेवा कर संग्रह, क्रेडिट कार्ड लेनदेन, पेट्रोलियम खपत और टोल संग्रह में मजबूत प्रदर्शन

से मिलता है। दूसरी ओर, ग्रामीण आर्थिक संकेतक भी सकारात्मक रुझान दिखा रहे हैं, जिसमें डीजल की खपत और दोपहिया वाहनों की बिक्री बढ़ रही है।

**मौसम**

प्रदेश के उधमसिंह नगर और हरिद्वार में गर्मी का प्रकोप जारी है, जबकि राज्य के अन्य जिलों में आज से गर्मी से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विभाग ने आज से 2 जून तक राज्य के पर्वतीय जिलों में कहीं–कहीं आकाशीय बिजली चमकने, तीव्र बौझार पड़ने और झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना जताई है। वहीं, विभाग ने पश्चिमोत्तर और मध्य भारत में जारी भीषण गर्मी की स्थिति में कल से धीरे–धीरे कमी आने का अनुमान व्यक्त किया है।